## खबर संक्षेप

### पेयजल आपूर्ति के समय में किया गया बदलाव

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सिविल लाइन स्थित मुख्य पानी टंकी एवं जंगल दफ्तर पानी टंकी के माध्यम से की जाने वाली पेयजल सप्लाई का समय परिवर्तित किया जा रहा है।जिससे दिनांक 21 मार्च 2025 से संबंधित क्षेत्रों में होने वाली पेयजल आपूर्ति प्रातः 06:45 के स्थान पर प्रातः 06:15 पर एवं प्रातः 07:30 बजे के स्थान पर 07:00 बजे प्रारंभ की जावेगी।

### वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई वसूला समन शुल्क

**कटनी।** शहर के चांडक चौक में यातायात पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की। स्कूली बसों के एक साथ चांडक चौक में आ जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित होने पर बसों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही कर 14500 रुपए समन शुल्क वसूल किया। साथ ही ऑटो क्रमांक MP-21-R-3868 के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया। जिसे न्यायालय द्वारा 20500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### ढीमरखेड़ा, सिलौड़ी क्षेत्र में हुई हल्की बारिश, बदले मौसम से टेंशन में किसान

# खेतों में पकी खड़ी फसल, कहीं चल रही कटाई, बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा





मौसम में अचानक आए बदलाव एवं हल्की बारिश ने अन्नदाता की चिंता को बढ़ा दिया है। बादलों की वजह से बारिश तेज बारिश होने की संभावना के चलते किसान परेशान हो उठे हैं। ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बुधवार की शाम हल्की बारिश हुई। मौजूदा समय में दलहनी फसलों की कटाई का कार्य चल रहा है वहीं गेहूं की फसल पककर तैयार है। किसाना अपनी उपज को समेटने की तैयारी में जुटा है। लेकिन मौसम की करवट ने उसे चिंता में डाल दिया है।

किसानों का कहना है कि इस समय तेज बारिश या ओला वृष्टि हुई तो भारी नुकसान होगा। चार महीने की अथक परिश्रम के उपरांत अब जब फसल पूरी तरह पककर तैयार है और दलहनी फसलों की कटाई गहाई का कार्य चल रहा है तो बादलों की आवाजाही से चिंता सताने लगी है। मौसम के पूरी तरह से साफ होने में अभी दो तीन दिन का समय लग सकता है। इस समय कभी धूप तो कभी बादल आ जा रहे हैं।

#### उपज समेटने में जुटा किसान

पककर तैयार फसलों को किसान जल्द से जल्द समेटने में जुटा है। मसूर, चना आदि दलहनी फसलों की कटाई तेजी से चल रही है। दूसरी ओर गेहूं की कटाई का कार्य भी कई स्थानों में शुरू हो चुका है। इस वर्ष तापमान में उतार चढ़ाव बने रहने की वजह से गेहूं की फसल समय से पहले ही पककर तैयार हो गई है। गेहूं की कटाई गहाई मार्च से अप्रैल माह तक चलेगा। लेकिन इस बीच यदि तेज बारिश और ओला वृष्टि हुई तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही वजह से की किसान चिंतित नजर आ रहा है।

#### 15 मार्च से शुरू हो चुकी है खरीदी

जिले के 72 गेहूं उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो 5 मई तक चलेगा। इस वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए तय किया गया है एवं राज्य शासन द्वारा किसानों को 175 रुपए प्रति क्विंटल के मान से बोनस का भुगतान किया जायेगा। इस प्रकार कुल 2600 रुपए में किसानों से गेहूं क्रय किया जाएगा। गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च नियत की गई हैं।



## ई रिक्शा चालकों कार्रवाई, 25 हजार वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने द्वारा की गई कार्यवाही**

एसपी अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर यातायात पुलिस ने बुधवार देर शाम कोतवाली थाने के बाहर ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने 60 से अधिक ई-रिक्शा को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय ने बताया कि लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। ई-रिक्शा चालक मनमाने तरीके से वाहन चला रहे थे। कई नाबालिग बच्चे भी ई-रिक्शा चला रहे थे। साथ ही कई चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। जांच में कई गंभीर खामियां मिलीं। चालकों पर करीब 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

थाना प्रभारी ने एक और गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि बैटरी बचाने के लिए चालक रात में वाहन की लाइट नहीं जलाते। इससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। जांच में कई ऐसे वाहन मिले जो बिना लाइट के चल रहे थे। पुलिस ने सभी नियम तोड़ने वालों के खिलाफ यातायात नियमों के तहत कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसका मकसद है कि ई-रिक्शा चालक नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।

**पटवारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर बताई अपनी परेशानियां**

## पटवारियों के निलंबन के विरोध में संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा ब्लाक अंतर्गत दो पटवारियों के निलंबन की कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष अनिल गुप्ता एवम उपाध्यक्ष निशाद बेगम की अगुवाई में कलेक्टर के नाम बड़वारा तहसीलदार सन्दीप सिंह को ज्ञापन सौंपकर विरोध व्यक्त किया है। तहसील अंतर्गत ग्राम रोहनिया में पदस्थ पटवारी संजय जैन एवं ग्राम लखाखेरा में पदस्थ पटवारी देवेंद्र कुमार भगत को निलंबित किया गया है जिसमें बताया गया है कि यह दोनों पटवारी 17. 3.2025 को आयोजित ई समीक्षा बैठक जिसमें नक्शा, बटांक, ई केवाईसी फार्मर रजिस्ट्री एवं विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लिया गया जिसके कारण प्रगति नगण्य होने का आरोप इनके ऊपर आरोपित किया गया है। तहसील अंतर्गत नक्शा,बटांक, ई केवाईसी फार्मर रजिस्ट्री तथा अन्य विभागीय कार्यों का प्रतिशत 65 के ऊपर है इसे 100% किया जाना संभव नहीं है।

#### ज्ञापन में बताई ये खामियां

फार्मर रजिस्ट्री के सॉफ्टवेयर में अनेकों खामियां हैं। आज भी आदिवासी एवं गरीब किसानों के पास मोबाइल नही है। किसानों का आधार एवं मोबाइल लिंक ना होना। कृषकों को बार-बार सूचना देने के बाद भी कृषकों का रुचि न लेना। यदि एक कृषक की अनेकों ग्रामों में भूमि है तो एक ग्राम से फार्मर रजिस्ट्री बनने के बाद अन्य ग्रामीण की भूमि से फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है एवं ग्राम सूची में लंबित बताना। खाते का परिमार्जन होने के बाद ही फार्मर रजिस्ट्री बन सकती है परंतु परिमार्जन करने से ई केवाईसी हट जाती है जिससे ई केवाईसी का टारगेट पुनः बढ़ जाता है। उक्त समस्याओं के पश्चात भी पटवारी पूर्ण निष्ठा से कार्य में लगे हुए हैं परंतु ऐसी कार्यवाहियों से मनोबल गिरता है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष अनुज कुमार दाहिया, बड़वारा पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष अनिल गुप्ता, बड़वारा पटवारी संघ की तहसील उपाध्यक्ष निशाद बेगम, कोषाध्यक्ष विवेक उरमलिया, सत्येंद्र सिंह राठौर सचिव, अहमद रजा खान, राकेश गुप्ता, गुलाम नियाज अहमद, अनुज जायसवाल, अश्विनी कोरी, मोहित ताम्रकार, भूपेंद्र पटेल, दीपक यादव, मनीष बरकड़े आदि उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने किया कर्मचारियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी




सिलौंडी ग्राम पंचायत भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिसमें सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,सचिव शालिग्राम तिवारी ने सभी पंच गण और पंचायत में कार्यरत सफाई मित्र और नल आपरेटर सहित सभी कर्मियों के रंग गुलाल से होली खेली । सभी पंचायत कर्मी का सम्मान सरपंच पंचों बाई और उपसरपंच राहुल राय ने किया । सरपंच पंचों बाई ने बताया कि पंचायत कर्मी गांव की व्यवस्था में दिन रात लगे रहते है उनका सम्मान कर हमको गर्व हो रहा है । उपसरपंच राहुल राय ने बताया पंचायत कर्मी दिन रात बहुत मेहनत करते है हम सभी जनप्रतिनिधि के प्रत्येक कार्य को समय पर पूरा कर गांव की व्यवस्था में बहुत योगदान दे रहे है ।

इस दौरान पंच पुनीत सेन ,पंच राजेश राय ,पंच श्याम दत्त राय ,पंच रघुवीर सिंह क्षत्रिय ,पंच शांति रामफल काछी ,पंच अंजू देवी संतोष वंशकार ,पंच सजनी साहू ,पंच फूला बाई ,पंच देववती प्रमोद काछी ,पंच रोशनी कोल,पंच वीरेंद्र कोल ,पंच रेखा आदि मौजूद रहीं।

## खुले में शराब पीने वाले 5 आरोपितों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधव नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए अवैध शराब बेचने एवं खुले स्थान पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने तथा बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए निर्देशित किया गया था। प्राप्त निर्देशों के तहत स्टाफ को साथ में लेकर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया। पंचायत तिराहा, एडीएम लाइन, कुम्हार मोहल्ला, पप्पू चौक, मैन बाजार, तांगा स्टैंड में पैदल मार्च किया गया एवं अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध एवं खुले स्थान में शराब पीने और पिलाने वाले कुल 5 आरोपीगण के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ किसी तरह की ढील बरती नहीं जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**कटनी।** जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया है कि गुरुवार 20 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 125 में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। जिसमें फ्रीडम एम्पलाई एबिलिटी एकेडमी द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में योग्यता स्नातक या स्नातकोत्तर पास कम्प्यूटर एवं अंग्रेजी का ज्ञान रखने वाले आवेदक साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो 20 मार्च को सुबह 11 बजे से साक्षात्कार में उपस्थित हो सकतें है।

साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पैन कार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को कन्हवारा, पहाडी, हिरवारा, जोहली, कौडिया, कैलवारा खुर्द, जरवाही, देवरी हटाई, पडुवा, चाका, पडरिया, कटंगी कला, शाहपुरा, जॉबी कलों, बिचुआ, गुलवारा, जोहला आदि स्थानों पर कार्य करना होगा एवं प्रतिमाह 13 हजार रुपये वेतन दिया जायेगा।

### आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 23 मार्च को

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 23 मार्च 2025 रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित की गई है। सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि सभी प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग निर्धारित तिथि एवं समय की जानकारी विद्यार्थियों को दिया जाना सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थी समय पर परीक्षा में उपस्थित हो सकें।

### बाजार में उत्पाद की बिक्री एवं वातावरण का रखें विशेष ध्यान

# ग्रीष्मकाल में सब्जी वर्गीय फसल लगाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन मौसम में सब्जी वर्गीय, गिल्की, खरबूज व लोबिया की फसल लगाने की सलाह दी है। तिलहन फसल की आवश्यकता को देखते हुए किसान गर्मी में तिल की फसल ले सकते हैं। साथ ही गर्मी में नई हरी खाद के रूप में व बीज उत्पादन के लिए एक विकल्प के रूप में अपना सकते हैं। किसान इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बाजार की उपलब्धता उत्पाद की बिक्री, मृदा स्वास्थ्य व वातावरण का विशेष ध्यान रखकर फसलों का चुनाव किया जाये। किसान समय- समय पर कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा किसान सारथी पोर्टल व वाट्सएप ग्रुप में अपनी समस्याये भेज सकते हैं, जिसका निराकरण किया जा सके।

यह देखा जा रहा है कि खेतों में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की खड़ी फसल में 5-6 बार कीटनाशक का छिड़काव करते हैं। अनुशंसित मात्रा से अत्याधिक मात्रा में कीटनाशक का बार- बार छिड़काव के साथ ही खड़ी फसल खेत में पकने के उपरांत हरी फसल को सुखाने के लिए प्रतिबंधित नींदानाशक पैराक्वाड का उपयोग करते हैं, जिसका दुष्परिणाम वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले लोगों पर विपरीत प्रभाव भी होता है। इससे विभिन्न प्रकार की खतरनाक बीमारियां बढ़ रही है, जिसमें कैंसर भी शामिल है। साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग में अत्याधिक सिंचाई करनी पड़ती है। इससे पानी की खपत ज्यादा होने से भूमिगत जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है। आने वाले समय में जल की कमी से भी जिले में समस्या उत्पन्न हो है।

पूर्व में किसानों द्वारा रबी फसल कटाई उपरान्त खेत खाली रखते थे, जिससे खेत में गर्मी के समय पड़ी दरारों से वर्षा का पानी इन दरारों के माध्यम से नीचे चला जाता था। इसके परिणाम स्वरुप भूमिगत जलस्तर बना रहता था। बार- बार फसल लेने से खेत की मिट्टी में मौजूद विभिन्न प्रकार के पौध पोषक तत्वों की मात्रा में कमी आ रही है। मिट्टी में नाइट्रोजन व पोटाश के साथ ही सल्फर व जिंक की कमी भी मृदा विश्लेषण उपरांत प्राप्त हुआ है। अतएव ग्रीष्मकालीन मूंग का क्षेत्रफल कम करना ही मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए उचित होगा। इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा निम्नवत अन्य फसलों के उत्पादन के लिए सुझाव दिये जा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ग्रीष्मकालीन मौसम में मूंग की फसल में अत्यधिक कीटनाशक दवाओं के उपयोग से कई हानिकारक प्रभाव डालता है।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पैदल भ्रमण कर लिया जायजा

**कटनी।** कोतवाली प्रभारी आशीष कुमार शर्मा द्वारा सुभाष चौक, मार्केट स्टेशन रोड, खिरहनी चौकी क्षेत्र, गर्ग चौरा, घंटा घर आदि का निरीक्षण किया गया। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सुरक्षा उपायों के बारे में उन्हें समझाइश दी गई। यह पेट्रोलिंग आगामी त्योहारी सीजन, विशेष रूप से रंग पंचमी के मद्देनजर की गई ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके और क्षेत्रवासियों एवं यात्रियों को सुरक्षा का अहसास हो। थाना प्रभारी और उनके टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की और इलाके में किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए सक्रियता बनाए रखी। पुलिस प्रशासन की यह पहल नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जारी रहेगी, और नागरिकों से भी अनुरोध किया जाता है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### स्वच्छता रील प्रतियोगिता में मिलेगे 2 लाख रूपये तक के पुरस्कार

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा 'स्वच्छ एमपी रील्स प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। रील वीडियो लिंक शेयर करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 तक है। राज्य स्तरीय रील्स प्रतियोगिता की थीम 'कचरा नहीं, यह कंचन है इसे अलग-अलग करें और पैसा कमाएं पर केन्द्रित विषय - मध्यप्रदेश के विभिन्न ग्राम का उचित अपशिष्ट प्रबंधन पर रील्स बनाना है, जिनके मुख्य 03 विषय है- गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखना एवं उचित निपटान, कचरे का दोबारा उपयोग तथा खुले में कचरा नहीं फेंकना विषय पर बना सकते हैं। इसमें से किसी भी एक विषय पर रोचक रील तैयार करें। अपनी रील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स, यूट्यूब, फेसबुक) पर ज्यादा से ज्यादा शेयर करें। रील को पर सबमिट करके प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वाले प्रथम विजेता को 2 लाख रूपये, द्वितीय एक लाख, तृतीय 50 हजार तथा 2 सांत्वना 25-25 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। जानकारी के लिये https://mp.mygov.in लिंक पर विजिट कर सकते हैं।

### लापता किशोर को तलाश कर परिजनों से मिलाया

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने एक किशोर को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार लखेरा निवासी गत दिवस फरियादिया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि उसका 16 वर्ष 6 माह का बालक रात 10 बजे से लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है। आपरेशन मुस्कान के तहत थाना प्रभारी उप निरीक्षक नवीन नामदेव ने मामला पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में मामले को लाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर के द्वारा तुरंत ही टीम को शहर के विभिन्न स्थानो, एंव थाना क्षेत्र, मंदिरो में पता तलाश किया एंव जरिये आरएम के सभी जगह अपहृत बालक के संबध में पूछताछ की गई । जोकि कड़ी मशक्कतो के बाद पता चला कि उक्त बालक छपरवाह के हनुमान मंदिर में है जिसे दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने जानकारी देकर बताया है कि एम.पी.टास पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पो. मै. छात्रवृत्ति शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदनों हेतु पोर्टल पुनः ओपेन किया गया है। आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल द्वारा एम.पी.टास. पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नवीन, नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च है।

### बेशकीमती खनिज संपदा से भरी हुई है जिले की धरती, निवेश से बदलेगी तकदीर

# जिले के विकास में बेपरवाही तो कहीं सौगातों का इंतजार अटका रहा रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले की धरती बेशकीमती गौड़ खनिजों से भरी पड़ी है। मौजूदा समय में कई उद्योग एवं इकाईयां संचालित है इसके अलावा औद्योगिकीकरण के लिए भी इकाईयों के स्थापना के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कहना न होगा कि आगामी समय में औद्योगिक निवेश बढ़ेगा तो कटनी की तस्वीर और तकदीर को बदलेगी। हालांकि कंपनियों एवं इकाईयों में रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता नहीं मिल पा रही है जिससे जिले के युवा सहित श्रमिक वर्ग को जीविकोपार्जन के लिए दूसरे जिलों व प्रदेशों का रूख करना पड़ रहा है।

जिले में खनिज, मार्बल, रेत, निर्माण इकाइयां, वेयरहाउस, क्रेशर प्लांट आदि में खासा निवेश हुआ हैं। जिले के भूगर्भ में बेशकीमती खनिजों का भंडार हैं। रेत, मार्बल, बॉक्साइड, आयरनओर सहित अन्य खनिज की प्रचुरता है। इसके अलावा कोबाल्ट, लीथियम, ग्रेमियम, प्लेटिनम जैसी धातुएं समाई हुई हैं। जरुरत है जिले में निवेश बढ़ाने की, आद्यौगिक इकाइयों की स्थापना की। जिले में लॉजिस्टक हब बनने, माइनिंग और इंजीनियरिंग कॉलेज खुलने, इकाइयों की स्थापना के लिए सरकारी नीति का सरलीकरण किए जाने से जिले के विकास को पंख लग सकेंगे।

शहर में औद्योगिक क्षेत्र बरगवां, अमकुही की पहाड़ी फूड पार्क, माधवनगर, पडरवारा-पिपरौंध, लमतरा क्षेत्र में उद्योग संचालित हैं। इन उद्योगों में अरबों का कारोबार के साथ हजारों हाथों को रोजगार मिला हुआ है। तखला-टिकरिया, ढीमरखेड़ा-बड़वारा, रीठी, विजयराघवगढ़-बरही क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के लिए काम चल रहा है, लेकिन कई साल से योजनाएं मूर्तरूप नहीं ले पाईं। कैमोर के महगांव में एक बड़ा प्लांट लगाया जा रहा है, लेकिन उसमें भी बाहरी लोगों को नौकरी में प्रमुखता दी जा रही है जबकि स्थानीय युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

#### इन सौगातों का जिले में अभाव

कटनी एक बडा रेल जंक्शन है जो देश को पांचों दिशाओं से जोड़ रहा है। शहर भी दो प्रमुख हाइवे नेशनल हाइवे-30, नेशनल हाइवे-43 से जुड़ा है। शहर में सबसे बड़ी कमी एयरपोर्ट की है। जिले में अपार संभावनाएं, विशेष आवश्यकता होने के बाद भी हवाईपट्टी पर काम नहीं हुआ। अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने इस विषय पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। सर्वे तक ही यह योजना सिमटकर रह गई है, जबकि आसपास के जिलों को यह सुविधा मिल चुकी है। यह नेताओं के विफलता का भी एक प्रमाण है।

शहर व जिले में आइटीआईं संस्थान तो हैं, लेकिन सीटें कम हैं। इसके अलावा एक पॉलिटेक्निक कॉलेज भी झिंझरी में चल रहा है, लेकिन वह अत्याधुनिक नहीं है। जिले में खनिज की बाहुल्यता को देखते हुए इंजीनियरिंग व माइनिंग कॉलेज की नितांत आवश्यकता है। कई वर्षों से माइनिंग कॉलेज की मांग भी उठ रही है, लेकिन अबतक कोई सार्थक पहल नहीं दिख रही। शहर में कुशल श्रमिक नहीं तैयार हो पा रहे हैं। बाहरी लोगों का यहां के उद्योगों में कब्जा है।

जिले में उद्योग स्थापित न हो पाने की मुख्य वजह विभागीय व प्रशासनिक चुनौतियां हैं। तखला में 14 साल पहले की योजना अधर में है। अबतक यहां पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नहीं हुआ, प्लाटों की नीलामी व आवंटन की प्रक्रिया नहीं हुई। ढीमरखेड़ा क्षेत्र में उद्योगों के लिए अफसर जमीनें नहीं तलाश पाए। जिले में रेडीमेट गारमेंट्स उद्योग के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया अबतक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। आवंटन प्रक्रिया सहित दस्तावेज से लेकर अनुमति देने की प्रक्रिया के सरलीकरण करने से निवेश बढ़ेगा।



## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाई होली, भेंट की गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बच्चन नायक वृद्धाश्रम मे मातृशक्तियों द्वारा होली पावन पर्व मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बुजूर्गो और मातृशक्तियों को एड शिखा पांडेय, श्रीमति वीणा नामदेव, सुश्री जया थापा, जिला अधिवक्ता संघ कार्यकारिण सदस्य एड० माडंवी पांडेय.. सहित समाजसेवी व रेखा अंजू तिवारी मिलकर उपस्थित बड़े-बुजूर्गो को अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद और उनके जीवन के अनुभव प्राप्त किया। बड़े-बुजूर्गो के साथ मिलकर फाग गीत और कुछ जीवन के खट्टे मीठी यादे साझा की और उन्हे उपहार स्वरूप स्वल्पहार साम्रगी देकर होली मिलन त्योहार मनाया गया।

### गर्मी में सार्वजनिक प्याऊ लगाने के दिए निर्देश

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहान यादव ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलों के कलेक्टर, नगरीय निकायों तथा पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपयुक्त स्थलों पर छाया की व्यवस्था भी की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस संबंध में जन प्रतिनिधियों से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के लिए ग्रीष्म ऋतु में प्याऊ लगवाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। जल संरक्षण के साथ-साथ जल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को दिए संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों से जल गंगा अभियान के अंतर्गत बूंद- बूंद जल बचाने के लिए संचालित होने वाली गतिविधियों में सहभागिता करने का भी आव्हान किया।

*जनता के बीच पहुंचकर कलेक्टर सुनेंगे समस्याएं*

## विलायतकला में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल के अंतर्गत लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। इसका तीसरा आयोजन कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की विशेष मौजूदगी में गुरूवार 20 मार्च को बड़वारा जनपद पंचायत के विलायतकला में किया जा रहा है।

लोक सुनवाई का ज़िले का दूसरा कार्यक्रम गुरुवार 12 मार्च को ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में आयोजित किया गया था। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होकर अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्सक दिशा - निर्देश दिये थे। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत अबतक दो स्थानों में आयोजन किये जा चुके है।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी कर दिया है।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का तीसरा आयोजन गुरूवार 20 मार्च को बड़वारा के विलायतकला में आयोजित किया जा रहा है। जबकि बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17 अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायादारों पर करें कार्यवाही



संपत्तिकर जलकर वसूली को लेकर बुधवार को निगमायुक्त नीलेश दुबे ने निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक लेते हुए वसूली कार्यों की समीक्षा की। श्री दुबे ने उपस्थित समस्त राजस्व टीम को आगामी दस दिनों में 31 मार्च तक वसूली में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने-अपने क्षेत्रों के बकायादारों को चिन्हित करते हुए रणनीति के तहत अच्छी कार्ययोजना व छोटे छोटे लक्ष्य बनाकर वसूली कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं वहीं इसके बाद भी जिन बड़े बकायादारों द्वारा कर जमा नहीं किया जाता है उन पर वारंट जैसी सख़्त कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा साप्ताहिक शेड्यूल बनाते हुए प्रतिदिन किए हुए कार्यों का विवरण की जानकारी इत्यादि देखते हुए कार्यों की समीक्षा करने के साथ साथ बड़े बकायादारों से संपर्क करते हुए विगत वर्ष की तुलना में अधिकतम लक्ष्य की प्राप्ति किए जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्र कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक आदि की उपस्थिति रही।

## पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल संकट और जलजनित बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों के खराब होने और भू-जल स्तर में गिरावट से हुई पेयजल की समस्या के सतत निगरानी हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07622-225752 है। जिला स्तरीय प्रकोष्ठ प्रभारी एस.एन.पाल अनुरेखक प्रकोष्ठ प्रभारी, सुनीता द्विवेदी रजिस्टर प्रभारी, विवेक कुमार सिंह रजिस्टर प्रभारी, एवं विनय त्रिपाठी रजिस्टर प्रभारी, को बनाया गया है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या ना हो और खराब होने वाले हैण्डपम्प व नलजल योजनाओं का सुधार कार्य कर पानी की समस्या को दूर किये जाने के लिये विभाग द्वारा खण्ड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यदि पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो उपखण्ड कटनी के विकासखण्ड कटनी, साकेत सुहाने, सहायक उपयंत्री, साथ ही मधु भलावी उप यंत्री कटनी, अमर सिंह गहरवार उपयंत्री रीठी, राजेन्द्र कुमार खरे हैण्डपम्प तकनीशियन कटनी, प्रिया कोरी विकासखण्ड समन्वयक कटनी, लक्ष्मण बुनकर विकासखण्ड समन्वयक रीठी, से सम्पर्क कर निराकरण कराया जा सकता है। जबकि उपखण्ड विजयराघवगढ़ में विकासखण्ड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ में दिनेश कुमार इनवाती प्रभारी सहायक यंत्री, अजय कुमार शर्मा, उपयंत्री बड़वारा, बृजेश निगम दैनिक वेतनभोगी विजयराघवगढ़, से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

उपखण्ड स्लीमनाबाद के विकासखण्ड बहोरीबंद में विकल्प पटेल, सहायक उपयंत्री, अनिल चुमलके उपयंत्री बहोरीबंद, विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में शेखर सेन उपयंत्री, सत्यप्रकाश हल्दकार विकासखण्ड समन्वयक ढीमरखेड़ा, रजनीश कोरी हैण्डपम्प मेकैनिक बहोरीबंद से संपर्क कर शिकायत का निराकरण कराया जा सकता है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम में सम्पर्क किया जा सकता है।

*अस्थायी अतिक्रमण एवं बेतरतीब पार्किंग से हो रही समस्या*

## जाम की समस्या से बढ़ा रहा सिरदर्द, वाहन चालक व राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उमरियापान में प्रतिदिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। यहाँ कोई भी सड़क ऐसी नहीं है, जहां जाम की समस्या से लोग परेशान नहीं हैं। सड़क किनारे दो पहिया व चार पहिया वाहनों को खड़ा करना जाम का प्रमुख कारण है।इसके अलावा दुकानदार दुकानों बाहर तक कब्जा कर रखा है। इस समस्या पर स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उमरियापान में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक की।

झंडा चौक हो या बस स्टैंड या फिर आजाद चौक सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोग जाम में परेशान होते रहते है। बरातरे, स्लीमनाबाद रोड़,झंडा चौक मुख्य बाजार,सिहोरा रोड के अलावा अन्य जगहों पर रुक-रुक कर जाम से लोग पूरे दिन जूझते रहे। मिनटों का सफर घंटों में तय करने को स्थानीय लोग मजबूर हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालकों द्वारा कहीं पर भी अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती हैं।उमरियापान का मुख्य चौराहा झंडा चौक, अँधेली बाग, बस स्टैंड पर अतिक्रमण होने के कारण मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम लगता है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है।यहाँ वाहनों की पार्किंग के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं है। इससे लोगों को वाहनों के साथ ही खरीदी के लिए बाजारों में जाना पड़ रहा है।ऐसे में जिसकी जहां मर्जी होती है, वहां वाहन खड़े कर देते है। बेतरतीब खड़े इन वाहनों के कारण राहगीरों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है। भारी वाहनों के निकलने से भी जाम की स्थिति बनती है।हर दिन प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। जिससे दुर्घटनाएं व विवाद होने के हालात भी बन जाते हैं। सड़क किनारे वाहन खड़े कर दिए जाने से पैदल निकलने वालों को भी असुविधा होती है। जाम में कई बार एम्बुलेंस और जननी वाहन भी फंस जाते हैं। जाम के कारण इनका निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में रंगपंचमी पर जमकर उड़ा गुलाल

## फिल्मी गीतों की धुनों पर थिरकी छात्राएं, रंग लगा दी गई शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में रंगपंचमी के उपलक्ष्य में एक भव्य रंगोत्सव का आयोजन किया गया। यह उत्सव भारतीय संस्कृति और परंपराओं के रंगों को जीवंत करने का एक सुंदर अवसर साबित हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात और डॉ. साधना जैन ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस पावन शुरुआत ने उत्सव को एक शैक्षिक और सांस्कृतिक आयाम प्रदान किया, जो महाविद्यालय के मूल्यों को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरुआत के बाद, महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं ने प्राचार्य, प्राध्यापकों और कर्मचारियों को रंग और गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यह क्षण परंपरा और आधुनिकता के मेल का प्रतीक बना, जहां छात्राओं ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। इसके बाद, उत्सव ने एक उत्साहपूर्ण मोड़ लिया जब छात्राओं ने होली और रंगपंचमी से प्रेरित फिल्मी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इन नृत्यों में उनकी प्रतिभा और ऊर्जा स्पष्ट रूप से झलक रही थी, जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस रंगोत्सव की सफलता में महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी का विशेष योगदान रहा।

डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. किरण खरादी, बंदना मिश्रा, अमिताभ पाण्डेय, के.जे. सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, विनेश यादव, नागेंद्र यादव, डॉ. के.जी. सिंह, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. सपना झारिया, रामेश्वर, डॉ. अपर्णा मिश्रा, आंजनेय तिवारी, भीम बर्मन, डॉ. अशोक शर्मा, प्रेमलाल कॉवरे, प्रियंका सोनी, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को सफल बनाया।

रंगपंचमी का यह उत्सव केवल रंगों का खेल ही नहीं था, बल्कि यह एकता, खुशी और सामूहिकता का प्रतीक भी बना। छात्राओं ने नृत्य, संगीत और रंगों के माध्यम से अपनी सृजनात्मकता को प्रदर्शित किया, जबकि प्राध्यापकों ने उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने महाविद्यालय के परिवार को एक सूत्र में बांधा और सभी को भारतीय संस्कृति के इस रंगीन पर्व का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया। रंगोत्सव के दौरान, परिसर में चारों ओर हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल था। छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ रंग और गुलाल खेलकर इस पर्व की भावना को जीवंत किया। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि छात्राओं के बीच आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने इस अवसर पर अपने संबोधन में छात्राओं को रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं।



## स्टेशन सलाह कार समिति की बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्टेशन सलाहकार समिति की प्रथम बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में निम्न विषयों को सदस्यों के मतानुसार चर्चा हेतु चयनित किया गया जिसमें ,आपस में सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया गया। यात्रियों को FOB में चढ़ने उतरने के लिये रैम्प की व्यवस्था लिफ्ट को चालू करना एस्केलेटर की व्यवस्था सहायता बुथ उपलब्ध कराया जाना चाहिये जिससे महिलाओं एवं बच्चों को विशेष लाभ प्राप्त हो,टायलेट की व्यवस्था प्लेटफार्म नं 1 पर नहीं है ज्यादातर गाड़ियाँ इसी प्लेटफार्म आती हैं अन्य प्लेटफार्म पर जो उपलब्ध हैं उनकी साफ सफाई ठीक नहीं रहती इसे सुनिश्चित किया जाये।

मीटिंग में जवाहर जाएजा,कृष्ण कुमार दुबे स्टेशन मास्टर, शिव मूर्ति,कल्पना द्विवेदी, धन्य कुमार, अंकुश रजक,आर.पी. शर्मा,जयदीप जे.के. पाण्डे एएसआई आरपीएफ, शालिनी पाल,एचसी आरपीएफ कि उपस्थिति रहीं।

## खबर संक्षेप

### रंग पंचमी पर जमकर खेली होली

**तेंदूखेड़ा।** नगर में रंग पंचमी पर जमकर होली खेली गई। युवाओं की टोलियों की हुड़दंग , रंग पंचमी के दिन अलग-अलग टोलिया में सुबह से शाम तक लोग रंग गुलाल खेलते हुए नजर आए। हालांकि नगर में कहीं बाद विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। रंग पंचमी पर रंग के साथ एक दूसरे पर रंग डालते लोगों ने रंगपंचमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। महिलाओं ने भी रंग पंचमी को जमकर होली खेली डीजे, गाजे बाजे की धुन में लोग नाचते थिरकते होली के रंग में रंगे दिखाई दिए।

### नदी, पहाड़ व जंगल को निगल रहा है माफिया

**पन्ना।** हम भग्यशाली हैं कि भारत का हृदय स्थल समझे जानेवाले मध्य प्रदेश में रहते हैं। एक तो यह तमाम जैव विविधताओं से परिपूर्ण यूं ही बहुत बड़ा प्रदेश है, दूसरा तमाम प्रदेशों की सीमाओं से जुड़े होने के कारण इसकी सांस्कृतिक विविधता में भी और चार चांद लग जाते हैं। बैज्ञानिकों का कथन है कि हमारी सेहत के लिए 30 प्रतिशत वन चाहिए। तो वह इतनी मात्रा में भले न हो, फिर भी सरकारी और निजी भूमि को मिला कर 20-22 प्रतिशत तो होगा ही ? इसका जीता जागता उदाहरण है, हमारे यहां आदिवासी समुदाय की बाहुलता। क्योंकि अभी तक यही देखा गया है कि ष्जहां- जहां घने जंगल, वहां - वहां आदिवासी। और जहां- जहां आदिवासियों का निवास वहां- वहां घना जंगल भी। किन्तु जहां अन्य समुदायों का पदार्पण हुआ, जंगल पहाड़ साफ। लेकिन जिस गति से आज प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, तो न तो उससे अब जंगल बचेगा और न ही पहाड़ बच पाएंगे। और जब यह दोनों न रहेंगे तो पानी को कोई माई का लाल नहीं बचा पाएगा। हमारे राज्य की सीमा में उत्तर प्रदेश है, यहाँ की नदियां हिमनद हैं। पानी गिरे न गिरे हिमालय की बर्फ पिघलती है और नदियों से प्रवाहित हो वहां का जल स्तर सामान्य रखती हैं। किन्तु यहां की नदियां हिमनद या हिमपुत्री नहीं वनपुत्री हैं। हमारी पवित्र नदी नर्मदा का ही रेवा, नर्मदा के साथ-साथ मेकलसुता आदि नाम भी हैं। अकेले नर्मदा भर नही यहां की समस्त नदियां वनजा ही हैं और इन वन जाइयों का अस्तित्व भी वन से ही है। वन रहेगा तो पानी रहेगा और पानी रहेगा तभी वन भी। क्यों कि जब वन नहीं रहता और समुद्र से आ रहे बादलों को धरती से नमी नहीं मिलती तो धरती का ताप या कार्बन डाइऑक्साइड उन्हें और ऊंचा उठा देती है। फलस्वरूप वह बगैर बरसे ही उड़ते हुए निकल जाते हैं। इसलिए पेड़ों को बचाने के लिए हमें पहाड़ के भी बचाने की जरूरत है। क्योंकि जब कोई पत्थर हजारों वर्ष सूर्य की गर्मी से तपता है, वर्षा से गलता है तो उसमें क्षरण होता है। वह क्षरण पत्थरों के सन्धि स्थल में एकत्र होता रहता है। फिर उसी में पेड़ों के पत्ते झड़ और सड़ कर एक पर्त सी चढ़ा देते हैं, जिससे सड़े पत्ते और क्षरण मिल कर उपजाऊ मिटटी बन जाते हैं। कालांतर में उसी उपजाऊ मिट्टी बने क्षरण में कोई पेड़ चिड़ियों, हवा या किसी अन्य माध्यम से अपना बीज पहुँचा देता है जो बढ़ कर उसी सन्धि स्थल में पेड़ का रूप ग्रहण कर लेता है। और हमारा हवा, पानी तथा फल का प्रदाता भी बन जाता है। परन्तु जब किसी पहाड़ या डोंगरी के पत्थर को गृह या सड़क निर्माण आदि के लिए निकाल लिया जाता है, तो पहली बरसात में ही वह सारी जमा हुई मिट्टी और पत्ते की लेयर बह जाती है। एवं वह डोंगरी हजारों वर्षों के लिए बांझ सी हो जाती है। हमारा गांव पहाड़ के ठीक नीचे ही बसा है, तो पहले हमने पत्थर पेड़ युक्त हरी भरी डोगरी भी देखे हैं। और अब घुटे सिर की शक्ल की भी देख रहे हैं। इसलिए पर्यावरण और भविष्य बचाने के लिए हमें जंगल, नदी और पहाड़ तीनों को बचाने की जरूरत है।

### शिकवा शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, जगह जगह लगे सामने के ढेर

# मुख्य सड़क के किनारे निर्माण सामग्री रखने से हादसों को दे रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



नगर की मुख्य सड़क पर कतिपय लोगों द्वारा निर्माण सामग्री फैला रखी है, जो हादसे का कारण बन रही है, लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अधिकारियों द्वारा महज चेतावनी दी जा रही है। बिना सख्त कार्यवाही के लोग इन हिदायतों को नजर अंदाज कर रहे हैं। वर्तमान में नगर में कई स्थानों पर भवन एवं अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं। लोग, निर्माण सामग्री जैसे गिट्टी, रेत, ईट व लोहा को सड़क पर डंप कर रहे और जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता है, तब तक नहीं हटाते हैं। इससे लोगों को आवागमन में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे आधी सड़क पर कब्जा है। ऐसे हालात नगर की कई सड़कों पर देखे जा सकते है। जहां से चार पहिया वाहनों को घूमकर जाना पड़ रहा है

#### अनदेखी से मार्ग हो रहा बाधित

मकान निर्माण करवाने वाले सामग्री का ढेर सड़क पर ही लगा देते हैं। इतना ही नहीं कई बार तो सामग्री महीनों तक पड़ी रहती है। इन सामग्रियों के सड़क पर फैले रहने से बाइक चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके अलावा संकरे मार्ग पर तो चार पहिया वाहन निकल भी नहीं पाते हैं। इससे लोगों को अपने वाहन वापस ले जाना पड़ते हैं। निर्माण सामग्री सड़क पर फैलाने वालों पर न तो नगर परिषद कार्रवाई करती है और न ही प्रशासन। ऐसे में आम लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश गलियों में ट्रैफिक बाधित होता है। खासतौर पर रात के समय परेशानी अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि सामग्री दिखाई नहीं देती है।

#### जबलपुर, सागर, दमोह और तारादेही मार्ग पर दिक्कत

नगर से गुजरे जबलपुर, दमोह, सागर और तारादेही मार्ग पर सबसे ज्यादा दिक्कत होती है, क्योंकि यहां पर लोगों द्वारा मुख्य सड़क पर ही रेत, गिट्टी सहित अन्य निर्माण सामग्री सड़क पर फैलाए हुए रखें हुए हैं। जिससे हादसा होने का सबसे ज्यादा खतरा बना हुआ है। वहीं जबलपुर मार्ग पर बस स्टैंड से हाईस्कूल के पास माहुला पुल तक लोगों द्वारा सड़कों पर निर्माण सामग्री रखे हुए हैं। जहां पर आए दिन लोग गिरकर घायल हो जाते है। नगर का मुख्य मार्ग जहां सुबह शाम यात्री बसें सहित सैकड़ों वाहनों का निकलना होता है, वहीं दमोह सागर मार्ग पर लोगों द्वारा मकान बनाने के लिए सड़कों पर निर्माण सामग्री फैली हुई है और इसी तरह के हाल तारादेही मार्ग के हैं।

#### अन्य अनदेखी भी ट्रैफिक बाधित की वजह

मुख्य मार्गों पर लोगों द्वारा यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने का काम भी किया जा रहा है। क्योंकि उनके द्वारा सड़क किनारे अपने वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जिससे अन्य वाहनों को निकलने में सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। वहीं दूसरी ओर इस मार्ग से प्रतिदिन लोग जहां बाजार जाते हैं तो वहीं बच्चे पैदल स्कूल जाते हैं। लोगों का कहना है कि सड़कों पर निर्माण सामग्री के साथ वाहनों को भी खड़ा करने से ट्रैफिक बाधित हो रहा है। इससे नगर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई है। इस व्यवस्था को सुधारने में जिम्मेदार नाकाम है। उधर कतिपय दुकानदारों ने दुकानों की हद भी बड़ा ली है और उनका सामान मार्ग तक फैला रहता है। जिस कारण 50 फीट चौड़ा मार्ग लगभग 20 फीट का ही बचता है।

#### मवेशियों का सड़कों पर जमावड़ा



उधर मार्गों पर शाम ढलते ही गौवंश का भी जमावड़ा यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। जहां-तहां बैठे मवेशियों से लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। पशुपालक अपने पशुओं के प्रति लापरवाह दिखाई दे रहे हैं। तहसील कार्यालय से एक्सीलेंस स्कूल तक एवं चौरई मार्ग तक सहित अन्य मार्गों पर मवेशियों का जमावड़ा परेशानी की वजह बना हुआ है।

### बच्चों के बेहतर बुनियादी सेहत के लिए विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें

**दमोह।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विशाल शुक्ला ने बताया कि विटामिन ए एक सूक्ष्म पोषक तत्व है। जो शरीर में रोग प्रतिरोधकता एवं बालजीवितता को बढ़ाने में बेहद जरूरी है। बच्चों के मासूम बचपन को स्वस्थ्य तथा मजबूत आधार बनाने की दिशा में दस्तक अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत 5 वर्ष से छोटे बच्चों को विटामिन ए पिलाने का काम किया जा रहा है। 17 मार्च तक 78225 बच्चों को विटामिन पिलाया जा चुका है। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर बच्चे को निःशुल्क विटामिन ए की खुराक पिलाने एवं पूर्व अभियान दौरान चिन्हित एनीमिक बच्चों में एनीमिया की जांच कर तदानुसार निर्धारित मात्रा में आयरन की खुराक देने का काम किया जा रहा है। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति आमतौर पर रोजाना दिये जाने वाले भोजन से उपयुक्त मात्रा में नहीं मिल पाती। नियमित अंतराल पर दस्तक अभियान दौरान विटामिन ए की पूर्ति कराई जाती है।डॉ. शुक्ला ने विटामिन ए की खुराक पीने से छुटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों के परिजनों से आग्रह करते हुए कहा है कि बच्चों के बेहतर बुनियादी सेहत के लिए आपके नजदीकी ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर लगाये जाने वाले सत्र में विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें।

## राज्य ओलंपियाड परीक्षा हेतु चयनित छात्रों का हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

दो माह पूर्व जनवरी में आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में राज्य स्तर के लिए चयनित हटा ब्लॉक के दो विद्यार्थियों का बुधवार की दोपहर बीआरसी कार्यालय में सम्मान किया गया तत्पश्चात उन्हें भोपाल जाने के लिए शुभकामनायें दी। जिसके संबंध में बताया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन जनवरी में किया गया था जिसमें दमोह जिले से कुल 32 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो सभी विद्यार्थी 20 एवं 21 मार्च को भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। पिछले सप्ताह इन सभी विद्यार्थियों का सम्मान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा किया गया था इनमें शामिल हटा ब्लॉक के दो बच्चों और उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को बीआरसी कार्यालय से फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर भोपाल के लिए रवाना किया गया। गौरतलब हो कि एकीकृत माध्यमिक शाला उत्कृष्ट नावघाट की कक्षा सातवीं की छात्रा वीरा जैन एवं एकीकृत माध्यमिक शाला कनकतला के कक्षा तीसरी के छात्र प्रिन्स कोरी का राज्य स्तरीय ओलंपियाड के लिए चयन हुआ है जहां इन विद्यार्थियों के साथ इनके एक पालक और एक मार्गदर्शी शिक्षक को भोपाल जाने का अवसर प्राप्त हुआ है जिससे छात्रा वीरा जैन के मार्गदर्शी शिक्षक बालकृष्ण चौरसिया एवं प्रिंस के मार्गदर्शी शिक्षक फीरोज खान का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीआरसी एमएल अहिरवार परीक्षा प्रभारी बीएसी योगेश सोनी सुनील पाठक आनंद पटैल जनशिक्षक एमएलबी देवेंद्र सिंह राजपूत जनशिक्षक कांटी हारुन खान विजय आदर्श रामस्वरूप चौरसिया राकेश कोरी एवं संदीप सोनी की उपस्थिति रही।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**मडियादौ।** अग्रवाल समाज मडियादो द्वारा होली मिलन समारोह, अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया और उसमें महिला मोर्चा द्वारा डांस , पहले फूल कि होली फिर गुलाल की होली का भी आयोजन किया था जिसमें समाज के अध्यक्ष बसंत अग्रवाल, महिला मोर्चा के अध्यक्ष श्रीमती रीना अग्रवाल जी , युवा इकाई के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल एवं समस्त समाज के सदस्य महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ लोगों की मौजूदगी अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ।



## सद्गुवां, रनेह, नोहटा, इमलियाघाट व तेजगढ़ में विशेष महिला स्वाथस्य जांच शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है,अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी मातृत्व सुरक्षा शिविर लगेंगे। पहला शिविर आज 20 मार्च को 05 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होंगे। इन शिविरों के लगने से अब इनके आसपास की महिलाओं को सीएचसी आने की जरूरत नहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही जांच हो जाएगी। उन्होंने कहा अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं इन शिविरों में पहुंचकर लाभ उठाएं। मुख्यी चिकित्सी एवं स्वाास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्वथ अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव, पूर्व देखभाल सुलभ रूप से प्रदाय करने के उददेश्या से चिंहित 05 आयुष्माजन आरोग्य म प्राथमिक स्वा स्य्व केन्द्रा यथा सदगुवां, रनेह, नोहटा, इमलियाघाट, तेजगढ में विशेष महिला स्वादस्य्स परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन विशेष स्वास्यि्व शिविर में स्त्रीर रोग विशेषज्ञ द्वारा अपनी सेवायें पूर्णतः निःशुल्को दी जायेंगी। इन शिविरों में प्राथमिक स्वाषस्य्दे केन्द्रग अंतर्गत शामिल आयुष्माान आरोग्येम मंदिर में पंजीकृत गर्भवती महिलायें एवं अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं तथा पूर्व से चिंहित जोखिम वाली महिलायें जिनकी फालोअप जांच होना है, को ग्राम की आशा कार्यकर्ता द्वारा प्रेरित कर शिविर में लाने का काम किया जायेगा। डॉ. जैन ने बताया शिविर में महिलाओं का स्वाासय्मि परीक्षण, लैब जांच मसलन रक्ति, पेशाब, ब्लगडग्रुप ओजीटीटी, मलेरिया, टीबी, हिपेटाईटिस, एचआईव्हीव, जांच और चिकित्स क सलाह अनुसार अन्यब आवश्यमक जांच की जायेंगी। शिविर में पूर्व से चिंहित जोखिम वाली महिलाओं की फालोअप जांच उनके निवास के निकट ही स्वोस्प्प केन्द्रा में आसानी से हो सकेगी। जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान भी हो पायेगी बैचिंग मैचिंग के माध्यसम से सुरक्षित संस्थाकगत प्रसव कराना भी सुनिश्चित हो पायेगा। उन्होंने बताया शिविर दौरान गर्भवती महिलाओं के लिये सुविधापूर्ण बैठक व्यीवस्था , स्वल्पहार की व्युवस्थाी भी बनाई गई है। निगरानी जिला स्तार से डीपीएम द्वारा की जायेगी। साथ ही वहीं शिविर में मोबिलाईज्ड् किये जाने वाले हितग्राहियों की निगरानी जिला स्तयर से डीसीएम द्वारा की जायेगी। साथ ही डीआईओए डीएचओ, डीपीएम द्वारा शिविर स्थसल पर पहुंचकर प्रदाय की जाने वाली सेवाओं सुविधाओं का निरीक्षण भी किया जायेगा। इन स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्स कों द्वारा प्राथमिक स्वाास्प्यी केन्द्रों। में 20 मार्च को दी जायेगी। सेवायें प्राथमिक स्वातस्य्स केन्द्र सदगुवां में स्त्रीर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका छाबडा, प्राथमिक स्वाकस्या केन्द्रम रनेह में डॉ. नियती जैन, प्राथमिक स्वादस्य्वा केन्द्रा नोहटा में डॉ. मिताली हैरीसन, प्राथमिक स्वाास्य्स केन्द्र इमलियाघाट में डॉ पूर्वर्शी राय, प्राथमिक स्वा स्य्लि केन्द्रत्र तेजगढ में डॉ. प्रियंका शर्मा की ड्यूटी लगाई गई हैं।

## रंग गुलाल के पर्व रंगपंचमी पर यूथ ने भोलेनाथ के साथ मनाई होली



**तेन्दूखेड़ा।** पांच दिवसीय रंग गुलाल के उत्सव के आखिरी दिन बुधवार को रंग पंचमी पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमकर होली खेली गई सुबह से ही एक दूसरे पर रंग और गुलाल की बौछार करते हुए नजर आए लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर खुशियां साझा की। वहीं तेंदूखेड़ा नगर एवं क्षेत्र में रंगपंचमी पर्व हर्षोल्लास धूमधाम और भाईचारे के साथ मनाया गया। नगर की युवतियों ने शिव मंदिर में भोलेनाथ के साथ रंगपंचमी पर्व मनाया। वार्ड 9 में स्थित केवट मोहल्ला स्थित कुंआ के पास बने शिव मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाकर भोलेनाथ के साथ होली खेली। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर उत्साह मनाया। इस दौरान वेदिका ठाकुर शिवानी नामदेव प्रिया सेन नंदनी ठाकुर विद्या यादव प्रिया ठाकुर गुडिया ठाकुर भूमिका यादव सहित अन्य युवतियां, बालिकाएं मौजूद रही।

## रंग पंचमी पर हुआ होली मिलन समारोह



**हटा ।** गायत्री शक्ति पीठ प्रांगण में गायत्री परिजनो द्वारा होली मिलन समारोह उल्लासमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर हुआ। होली के प्रज्ञा गीतों का संचालन ब्रज लाल पटेल, एम पी बाथरे द्वारा किया गया। मानपुरा के परिजनों द्वारा बुंदेली फाग की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने गुलाल एवं पुष्प की होली खेल कर एक दूसरे के गले मिले। मुख्य अतिथि डॉ एम एम पांडे जी का सभी ने तिलक लगाकर सम्मान कर दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में डॉ सी एल नेमा ने रंग पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रज्जू सींग, जनपद अध्यक्ष गंगा राम पटेल,सुशील सेलट,जयप्रकाश नेमा, रमेश श्रीवास्तव, रामकिशोर दुबे,गोविंद पटेल के अलावा अनेक परिजनों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

## हिन्दी लेखिका संघ का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न

**दमोह।** सरस्वती कन्या विद्यालय के सभा कक्ष में डॉ ऋतु दुआ के मुख्यातिथ्य, पुष्पा चिले की अध्यक्षता एवं कुसुम खरे श्रुति, डॉ प्रेमलता नीलम के विशिष्टातिथ्य में हिन्दी लेखिका संघ दमोह का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। मां सरस्वती के पूजन दीप प्रज्वलन के पश्चात मां की वंदना संगीता पांडे ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले ने किया। आभार डॉ प्रेमलता नीलम ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत होली के विशेष हार पहनाकर एवं गुलाल और सम्मान की टोपी लगाकर किया गया।मुख्यअतिथि डॉ ऋतु दुआ ने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा हिन्दी लेखिका संघ नगर की जानी-मानी सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था है। मैं यहां आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। सबसे अच्छी बात है कि इस संस्था में सभी बहनें एक परिवार की तरह रहतीं हैं। पुष्पा चिले ने कहा कि सभी बहनों के सहयोग से हमारी संस्था उन्नति के पथ पर अग्रसर है।बहनों ने शब्दों के रंगों के सुन्दर गुलदस्ते भेंट किये। पुष्पा चिले ने पढ़ा महुआ टपकें रस भरे,मादक गंध उड़ाय।गौरी घूंघट ओट से रस गागर छलकाय। डॉ प्रेमलता नीलम पढ़ा गोरे गोरे गालों पे मलदी गुलाल,रहा न किसी के मन में मलाल। वसुंधरा तिवारी ने कहा प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है होली, संस्कृति का महापर्व है होली। डॉ किरण गोस्वामी ने पढ़ा होली से सब खुशियां मिलतीं, इसीलिए तो खास है होली। पद्मा तिवारी ने पढ़ा बीती है सो बीत गयी,नेकी की अब करो कमाई। लता गुरु ने कहा होली की इस महा गोष्ठी में हम-सब आज पधारे हैं,माई शारदा के चरणों में सौ सौ नमन हमारे हैं। संगीता पांडे ने कहा होली के रंगों में ऐसे रंग दो,मिटे न कभी खुमारी। साधना बिरथरे ने कहा आज शहर था शांत, सड़कें गलियां सूनी,बदल गया सबका व्यवहार,यह कैसा होली का त्यौहार। उमा नामदेव ने कहा मौज मस्ती का नशा, सखि सहेलियों के संग, कितने मनभावन हैं ये होली के रंग। आराधना राय ने पढ़ा होली लेकर आती है,टेसु सेंमल की सौगातें। शिवकुमारी शिवहरे ने कहा प्रेम की रीत सिखाती है होली भाईचारे की है सुन्दर मौली।ऊषा शिवहरे ने कहा होली का त्यौहार हमारा, कितना मोहक कितना प्यारा। मनोरमा रतले पढ़ा, कान्हा के रंग रंग गयी अब चढ़े न दूजा रंग। मीठी जैन ने कहा होली जब भी आती है, एकता का पाठ पढ़ाती है। सीमा जैन ने कहा मन में उमंग जगाये होली, खुशियां डेरों लाये होली। अर्चना राय ने कहा मादक गंध महुआ की जब आती है समझो होली आती है। गीता त्रिवेदी ने पढ़ा गुरु ने पढ़ाया प्रेम का पाठ, होली सिखाती मिलालो हाथ। कुसुम खरे श्रुति ने कहा -प्रेम के रंग बड़े मनभावन, जैसे होली, दिवाली,सावन। मालती असाटी, लता केरशवानी, ऋतु पांडे विनीता जडिया, ममता गुरु, प्रियंका गुरु, सुनीता पटेल,रुचि श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में बहनों होली पर सुन्दर गीत प्रस्तुत किए।



## विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर पक्षियों को रखा दाना पानी

पवई।

पर्यावरण प्रेमी शिक्षक सतानंद पाठक ने विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर अपनी छत पर निर्मित बगिया में पक्षियों को दाना पानी रखते हुए बताया कि यह हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है. यह दिवस दुनिया में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मना रहा है. गौरैया की घटती संख्या को लेकर यह दिवस मनाए जाने लगा और साल 2010 में पहली बार गौरैया दिवस मनाया गया था. एक समय में यह घर के आंगन में चहकती करती दिखाई दे जाती थी, लेकिन अब इसकी आवाज कानों तक नहीं पड़ती है। रिपोर्ट्स के अनुसार गौरैया की संख्या में करीब 60 फीसदी तक कमी आ गई है. इस दिवस का उद्देश्य गौरैया का चिड़यिा का संरक्षण करना है। कुछ वर्षों पहले आसानी से दिख जाने वाला यह पक्षी अब तेजी से विलुप्त हो रहा है. दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी ये पक्षी नहीं मिलता, इसलिए साल 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया। ये हैं दुनिया के सबसे छोटे 10 देश, 1 हजार से कम है जनसंख्या बता दें कि ब्रिटेन की श्रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसश ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को रेड लिस्ट में डाला है। खास बात यह है यह कमी शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**पन्ना।** आगामी 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाया जाए। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनवाडी केंद्रों को और सशक्त बनाएं। उक्त निर्देश संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने गत दिवस सागर में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक बी.एल. प्रजापति सहित समस्त जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी भी मौजूद थे। संभाग कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि विभाग के द्वारा दिए गए लक्ष्य को 31 मार्च तक जो भी अधिकारी कर्मचारी पूरा नहीं करेगा, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और लक्ष्य से कम प्रगति होने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई भी होगी। उन्होंने कहा कि सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाए एवं उनको तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराएं और उनकी देखरेख करें। उन्होंने कहा कि आधार सत्यापित हितग्राहियों में फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी की स्थिति की जानकारी लेकर उनको पूरा कराएं। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित होने वाला नाश्ता एवं भोजन को पोषण युक्त बनाएं एवं दोनों के वितरण के समय में समय का निर्धारण किया जाए। साथ ही नाश्ता एवं भोजन गर्म रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन्म से 5 वर्ष की आयु के बच्चों में कम वजन एवं दुबलापन दिखने वाले बच्चों को चिन्हित करें और उनका इलाज प्रारंभ करें। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण तत्काल किया जाए। इसी प्रकार जहां-जहां आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उनका कार्य प्रारंभ करें और जहां स्थिति विवादग्रस्त है, इसकी सूचना तत्काल कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित में दें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी आंगनबाड़ी भवन जर्जर नहीं होना चाहिए और सभी आंगनबाड़ी भवन को छोटे-छोटे बच्चों की हिसाब से सुसज्जित किया जाए। संभाग कमिश्नर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुनगा के पौधे लगाएं एवं पोषण वाटिका का निर्माण करें। इसी के साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण भी कराएं। उन्होंने निरंतर आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षेप

### ट्रेक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम की मौत

हटा। विकासखंड के चकरदा ग्राम में मंगलवार की दोपहर घर के बाहर खेल रहा मासूम बच्चा ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक घटना का शिकार हो गया परिजनों द्वारा तुरंत ही गंभीर हालत में सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार चकरदा गांव में पप्पू अहिरवार का 5 वर्षीय मासूम आशिक अहिरवार अपने घर के सामने खेल रहा था उसी दौरान गांव के ही एक किसान का ट्रैक्टर वहां से निकला और बच्चा ट्रैक्टर की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रंग पंचमी के त्योहार पर हुए इस दर्दनाक घटनाक्रम से गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलने पर हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष ने स्टाफ के साथ सिविल अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी मडियादो पुलिस को दी जिसमें पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

### कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 22 मार्च को

दमोह। 22 मार्च 2025 को मंडी परिसर, दमोह में एक जिला एक उत्पाद योजना वर्ष 2024-25 एवं आत्मा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रदर्शनी/ मेला सह कृषि विज्ञान मेला का आयोजन जन-प्रतिनिधिगण, किसान संगठनो, कस्टम हायरिंग सेन्टर के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है।

### समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में इन प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी

# सीएम हेल्पलाईन में 8170 शिकायतें लंबित, इनका निराकरण संतुष्टि पूर्वक करें-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिल के समस्त कार्यालय प्रमुखों से कहा है सीएम हेल्पलाईन में विभिन्न विभागों की 8170 शिकायतें लंबित है। आगामी समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में चयनित सीएम हेल्पलाईन में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं व समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में की जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना से संबंधित 1566 लंबित शिकायतें, राजस्व विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन, राशि के भुगतान से संबंधित (राजस्व) 587 लंबित शिकायतें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की हैण्डपंप के रखरखाव, मरम्मत, शेष खराबी का निराकरण न होने संबंधी 113 लंबित शिकायतें, श्रम विभाग की मध्यप्रदेश असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित 286 लंबित शिकायतें, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग की राशन कार्ड उद्यतन करना (राशन कार्ड, पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने, कटवाने तथा हितग्राही का पता, दुकान परिवर्तन, पात्रता श्रेणी परिवर्तन आदि के संबंध में) 211 लंबित शिकायतें, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, अन्य द्वारा योजना का लाभ दिये जाने हेतु अनुसूचित राशि की मांग किये जाने संबंधी (पंचायती राज) 165 लंबित शिकायतें, अनुसूचित जाति कल्याण शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति प्राप्त न होना, विलम्ब से प्राप्त होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी 15 लंबित शिकायतें तथा समस्त विभागों की 100 दिवस से अधिक समय से 5197 लंबित शिकायतें शामिल है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है संबंधित सीएम हेल्पलाईन से शिकायतों की समीक्षा कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाये। समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में इन प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

## 'मत करो ना यार' गीत शहर में लोगो को सफाई के लिये प्रेरित करेगा



दमोह के प्रख्यात सिनेमैटोग्राफर हरीश पटैल ने दमोह के स्वच्छता अभियान को लेकर एक गीत ₹मत करो ना यार₹ का निर्माण किया है, आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में गीत का लोकापर्ण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित सम्मानीय मीडियाजन मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा यह गीत दमोह वासियों के द्वारा ही बनाया गया है, दमोह वासियों के द्वारा ही लॉन्च किया गया है, हरीश पटेल जो दमोह के प्रख्यात सिनेमैटोग्राफर है, वह बम्बई में काम करते हैं, और जब वह यहाँ पर आए थे पिछले पॉच महीने पहले । तब उन्होंने इस बात का बीड़ा उठाया था कि वह स्वच्छ शहर बनाने के लिए, दमोह को स्वच्छ जिला बनाने के लिए वह अपनी तरफ से पूरा योगदान देगें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हरीश पटैल ने अपनी एक टीम खड़ी की, उन्होंने गीत लिखा, उसका पूरा कोरियोग्राफ, सिनेमैटोग्राफी, फोटोग्राफी खुद की और इसको निशुल्क किया। उन्होंने यह गीत नगरपालिका को और दमोह की जनता को समर्पित किया है। श्री कोचर ने हरीश पटैल को धन्यवाद और बधाई देते हुये कहा मुझे लगता है कि यह दमोह का थीम सॉन्ग साबित होगा। कल से हम इसको सभी कचरा गाड़ियों के साथ इसको इंट्रोड्यूस कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया चैनल्स पर आग्रह किया है, कि वह भी अपने अपने स्तर पर इस गीत को चलाएं। स्वच्छ भारत सर्वेक्षण अब चल रहा है। हमारे जिले में भी प्रारंभ हो चुका है, तो यह स्वच्छता गीत, जो निशुल्क उनके द्वारा तैयार किया गया है। मुझे लगता है, लोगों के मन में स्वच्छता का भाव जगाने में मील का पत्थर साबित। सिनेमेटोग्राफर हरीश पटेल ने कहा हमारे शहर में गंदगी बहुत है, अभी गंदगी है, और 2015 का सर्वेक्षण अभियान हुआ था, उसमें सबसे निचले पायदान पर थे। सभी लोगों ने प्रयास किया, प्रयास करते-करते-करते हम लोग अब बहुत ऊंची पायदान पर आते हुए 100 में 100 के अंदर है । अब हम चाह रहे हैं की हमारा दमोह नंबर वन बने, हमारे दमोहवासी भी चाहते हैं।

# नशे में धुत शराबी ने एटीएम में की तोड़फोड़, हजारों का हुआ नुकसान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर में सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के एटीएम पर मंगलवार की देर रात एक शराबी ने नशे की हालत में तोड़फोड़ की। उसने एटीएम का गेट तोड़ दिया और गेट में लगा कांच भी तोड़ दिया, जिससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। यह एटीएम सुमित जैन के मकान में संचालित होता है। सुमित जैन ने बताया कि एटीएम में तोड़फोड़ की जानकारी एटीएम ऑफिस को दे दी गई है और आगे कार्रवाई की जा रही है।

## कुण्डलपुर में आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ का मंगल पदार्पण 22 मार्च को संभावित



कुंडलपुर। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलगिरी कुण्डलपुर में महासमाधिधारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ का मंगल पदार्पण 22 मार्च को संभावित है । ज्ञातब्य है कि सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल 2024 को आचार्य पद पदारोहण होने के पश्चात आचार्य श्री ससंघ कुंडलपुर से विहार कर स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो में मंगल चातुर्मास हेतु पहुंचे ।खजुराहो चातुर्मास उपरांत सतना में भव्य संगोष्ठी का आयोजन संपन्न होकर आचार्यसंघ सतना से विहार कर बड़े बाबा की नगरी कुंडलपुर की ओर निरंतर बढ़ते हुए संभावित 22 मार्च को कुंडलपुर की पावन वसुंधरा पर आचार्य ससंघ का मंगल पदार्पण होगा । आचार्य संघ की भव्य आगवानी हेतु कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा तैयारियां की जा रही है। क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्त समाज भव्य अगवानी हेतु तैयारी में जुटी हुई है। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, महामंत्री इंजी. आरके जैन ने श्रद्धालु भक्तों से कुंडलपुर पधारकर भव्य आगवानी में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का होली मिलन समारोह संपन्न




पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 5 महादेव मंदिर के पास मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का विकासखण्ड स्तरीय होली मिलन रंगा-रंग कार्यक्रम महेंद्र जैन प्रदेश उपाध्यक्ष के मुख्यातिथ्य में कमलेश सेन जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रवेन्द जैन, जिला सचिव मनीष भारद्वाज, नंदकिशोर चौरसिया, दिलीप पटेल मुलायमचंद्र जैन,एम एल भारद्वाज विशिष्ट अतिथि उक्त होली मिलन कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक गण नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में चन्दन गुलाल रंग व पुष्प वर्षा कर उक्त होली मिलन कार्यक्रम मनाया गया इस कार्यक्रम का संचालन एस डी खरे व्याख्याता पथरिया द्वारा किया गया कार्यक्रम में कुंजीलाल पाली द्वारा होली पर्व की महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित सभी लोगों से अपेक्षा की होली पर्व आत्मिता से रंगने पर जोर दिया यह पर्व वाह रंगों के साथ साथ आत्मीय रंगों से ओतप्रोत होने से मानव समाज में समरसता का दर्शन हमारे राष्ट्र के विकास में सहायक होगा कार्यक्रम के अंत में आभार अरविन्द पटेल अध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ पथरिया द्वारा किया गया।

## न सड़क, न पानी और न ही बिजली, ऐसी है आदिवासी पडरी रामपुर टोला गांव की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



भले ही सरकार गांव ग्रामीण विकास के दावे कर रही है। लेकिन जमीनी हकीकत ग्रामीण विकास के दावों की पोल खोल रही है। जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत सगरा में वनांचल पडरी रामपुर टोला ऐसा है जहां विकास का कोई अता पता नहीं है। यहां पेयजल संकट सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है कहने को तो यहां बिजली पहुंच गई लेकिन 3 वर्ष बीत गए है। यहां ट्रांसफार्मर नहीं रखा है पेयजल के लिए दो हैंड पंप गांव में है लेकिन बीते सात आठ महीने से खराब पड़े हैं जिनका सुधार कार्य नहीं हुआ है। मजबूरन यहां के ग्रामीण जान जोखिम में डालकर अनंत गहरी खाईनुमा झिरिया का पानी पीने को मजबूर है। यही हाल मवेशियों का जिन्हें पीने के पानी का संकट है नाले पर ग्राम पंचायत द्वारा स्टाफ डैम का निर्माण किया गया था। लेकिन यहां के आदिवासियों का आरोप है स्टाफ डैम में बूंद पानी नहीं रुकता है और आमजन से लेकर मवेशी भी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए मुद्दतों सड़क निर्माण नहीं किया गया है जिससे बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों को होने वाली परेशानियां किसी से छुपी नहीं है। इस वनांचल टोला में करीब दो दर्जन परिवार निवास करते है जिनकी आबादी डेढ़ से 200 होगी इस समस्या को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने वनांचल गांव पड़री के रामपुर मोहल्ला का निरीक्षण किया है। कई कर्मियों का पता लगाया है। इन कर्मियों में स्टाफ डैम और तलैया की खराब स्थिति मुख्य मार्ग तक पहुंचाने के लिए सड़क नहीं होने से बरसात के दिनों में लोगों को होने वाले परेशानियां शामिल है। इस समस्या के समाधान के लिए जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने जनपद पंचायत जबेरा सीईओ को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने एक हफ्ते के अंदर गांव में पानी की व्यवस्था करने और सड़क निर्माण का लिखित आश्वासन देने की मांग की है। अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने जबेरा जनपद पंचायत के सामने सैकड़ो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा होली हुड़दंग सेलिब्रेशन का आयोजन



दमोह। लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा होली हुड़दंग सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी मेंबर्स द्वारा रंग बरसे भींगे चुनरवाली, होली आई रे जैसे होली के गानों पर विशेष नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। मौके पर सभी ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी साथ ही सभी सदस्यों ने होली के गानों पर जमकर डांस कर पूरा माहौल होलीमय बना दिया। होली का अपना अलग अंदाज है, जहां क्लब मेंबर हर्षोल्लास के साथ होली मस्ती से मनाती आ रही हैं। इस भव्य कार्यक्रम को जया बुधवानी,कोमल नोतानी, जया मदान और अल्का मिश्रा बेबी छाबड़ा ने आयोजित किया। अबीर-गुलाल के साथ महिलाओं ने बुंदेलखंडी फाग गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं. उनके जोश और उमंग ने होली के रंगों को और भी चटख बना दिया. आयोजन के दौरान सभी मस्ती उत्साह में थिरकते नजर आए।

## पी.एम.श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का ऐसे लें लाभ

दमोह। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत दुर्घटना पीड़ितों/गंभीर बीमारियों जिसमें रोगी को तत्काल ईलाज की आवश्यकता होने पर विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु देश के उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में त्वरित परिवहन किया जाता है। पी.एम.श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ आमजन कैसे ले सकते है, इस संबंध में सीएमएचओ डॉ जैन ने एडवाईजरी जारी की है। सी.एम.एच.ओ. डॉ. जैन ने बताया कि सबसे पहले एक आम नागरिक अपने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कॉल करके अपनी आपात स्थिति यथा सड़कों, औद्योगिक स्थलों, प्राकृतिक आपदा में होने वाले हादसों में गंभीर घायल व्यक्ति अथवा विभिन्न गंभीर बीमारियों जिसमें रोगी अथवा पीड़ति को तत्काल अच्छे एवं उच्चतम चिकित्सा संस्थानों में ईलाज की आवश्यकता है, ऐसे मरीजों को त्वरित उपचार के लिए अवगत कराना है। सी.एम.एच.ओ. आपके केस को समझकर अपने उच्चाधिकारी से अनुमोदन लेंगे। इसके अलावा आमजन भी आईकेट एयर एम्बुलेंस कमांड सेंटर के फोन नं. 9111777858 पर कॉल करके उपरोक्तानुसार पीड़ितों के त्वरित उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा लेने संपर्क कर सकते है।

## सडक किनारे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फेंक दी गई एक्सपायरी दवाईयां



तेंदूखेड़ा। नगर के सीएम राइज स्कूल के आगे वन विभाग के प्लांटेशन के पास किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एक कार्टून में एक्सपायरी दवाईयां, सिरिंज, इंजेक्शन एवं अन्य दवाई सडक किनारे फेंक दी गई। दवाईयों के कार्टून के पास कुछ बच्चे खाली सिरिंज को लेकर खेलते हुए नजर आएं। नगर के हैप्पी क्लब के सदस्य रोशन दुबे सुबह मार्निंग वॉक पर जाते हैं तो उन्होनें उन बच्चों को दवाईयों से दूर रहने के लिए कहा साथ ही बताया कि मंगलवार की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इन दवाईयों को यहां पर फेंका गया हैं जो गलत हैं। दवाईयों को डिस्पोज करना ही था तो एक गड्ढा खोदकर उसमें डाल देते अब इन एक्सपायरी दवाइयों के कारण जंगली जानवरों और पर्यावरण को भी नुकसान है। साथ ही सुबह से मार्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों की सेहत पर भी असर पड़ेगा।

# रायसेन दमोह के बीच खेला गया हाकी मैच



दमोह। हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान मे दमोह मे खेली जा रही अस्मिता महिला लीग मे पहला मैच रायसेन दमोह के बीच खेला गया जिसमे रायसेन ने दो शून्य से विजय प्राप्त की। जूनियर वर्ग मे दूसरा मैच जबलपुर ने एक गोल से विजय प्राप्त की। तीसरा मैच सिवनी रायसेन के बीच खेला गया। रोमांचकारी मैच सात सात गोल से बराबर रहा। मैच मे खिलाडियो उत्साहवर्धन हेतु कृषि विकास अधिकारी प्रजापति जी, लायस क्लब अध्यक्ष रोजी बगग, नर्मदा सिह, एकता, डिपल खोसला ने किया। हॉकी महासचिव लोकबहादुर उपाध्यक्ष डी एल गोर जगेनदर तोमर एन आई एस कोच सरोज राजपूत हरप्रीत कोर आर आर खुशाल हरिशंकर उपस्थित रहे राजेश सालोमन भगवान सिंह विजय ठाकुर असार विवियन इमरान शैलेन्द्र आदि ने अतिथियो का स्वागत किया विकास जैन ने बताया कल तीन मैच खेले जायेगे। सुबह एक मैच दोपहर तीन बजे से दो मैच होगे हॉकी प्रेमियो से उपस्थिती की अपील की है।

# पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



### शांतिपूर्वक रंगपंचमी मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

रंगपंचमी और रमजान जैसे त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए तेन्दूखेड़ा अनुविभागीय पुलिस के अंतर्गत आने वाले सभी थानों की पुलिस द्वारा सड़कों पर उतरकर फ्लैग मार्च निकाला दरअसल बुधवार को नगर के साथ आसपास के इलाकों में बुधवार को रंगपंचमी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर में एसडीएम सौरव गंधर्व, एसडीओपी डीएस ठाकुर तहसीलदार विवेक व्यास नगर निरीक्षक विजय अहिरवाल, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, आरआई करन सींग ठाकुर के साथ पुलिस बल के जवानों द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर बस स्टैंड जबलपुर मार्ग खकरिया मार्ग तारादेही मार्ग दमोह मार्ग सहित नगर की अधिकांश वार्डों से होकर थाने पहुंचा जहां फ्लैग मार्च का समापन हुआ। इस दौरान प्रशासन और पुलिस की टीम ने नगरवासियों को शांतिपूर्वक रंगपंचमी पर्व मनाने की अपील की गई एसडीओपी डीएस ठाकुर ने बताया कि बुधवार को रंगपंचमी पर्व पर नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस दौरान सभी लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार को मनाने की अपील की गई। साथी आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था कायम रहे इसलिए फ्लैग मार्च किया गया है। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया कि दमोह कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर आज तेन्दूखेड़ा नगर सहित आसपास के थानों में प्रशासन पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एसडीएम ने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना के साथ ही निर्भय होकर त्यौहार मनाने के संदेश को ध्यान में रखते हुए तेन्दूखेड़ा नगर सहित सभी थानों की पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्यौहारों के दौरान किसी भी तरह की अवैधानिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी है कि वे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न करें शांतिपूर्वक त्यौहार मनाए।

## धूमधाम से मनाई गई रंगपंचमी




हिनौताकलां। क्षेत्र के केन्द्र हिनौता कलां में रंगपंचमी का त्योहार बड़े ही प्रेम भाईचारे, सद्भावना और उल्लास के साथ मनाया गया। बाजार के दिन सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर सभी ने हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरों को गले लगाकर सद्भावना पूर्ण पर्व मनाया। बस स्टेण्ड पर हर्ष पटेल, नरेश साहू, बबलू पटेल, हरवेन्द्र सिंह,संजू असाटी, दिप्पू सेठ, पप्पू सेन, राजा सिंह, शिवम पटेल पिपरिया,विमल,गनेश,गोकल, हिच्चन सेन, मुन्ना राजपूत सहित सैकड़ो लोगों ने सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाया।